visited several States to see the progress made by them in the use of Hindi in their offices; and

(b) if so, whether any report has been submitted by the delegation?

The Deputy Minister in the Ministry of Home Affairs (Shri L. N. Mishra): (a) A delegation of one of the Sub-Committees of the Hindi Salahkar Samiti visited the capitals of the States of Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Bihar and Rajasthan in December 1964.

(b) No.

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय

528. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री :**
श्री जगदेव सिंह सिद्धान्ती :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के कार्य में आवश्यक सुधार करने के लिए संसद् में एक विधेयक पेश करने का है ;

(ख) यदि हां, तो इस विधेयक के कब पेश किये जाने की सम्भावना है ; और

(ग) जांच समिति का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर भी यह विधेयक पेश न करने के क्या कारण हैं ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी हां ।

(ख) शायद इस साल के दौरान इसे पेश कर दिया जायेगा ।

(ग) ऐसा समझा गया कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय विधेयक भी, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (संशोधित) विधेयक, 1964के अनुरूप ही पेश किया जाये ।

स्वर्गीय चन्द्रशेखर आजाद की मां

529. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री ओंकार लाल बेरवा :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि स्वर्गीय चन्द्रशेखर आजाद की माता की दशा निर्धनता के कारण अत्यन्त दयनीय है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने उन्हें सहायता देने के लिए कुछ मासिक पेंशन देने की व्यवस्था की है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इस के क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय म उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) से (ग). भारत सरकार को इस बारे में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई । अब इस बारे में उत्तर प्रदेश सरकार को लिखा गया है और उन के उत्तर को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त कार्यवाही की जायेगी ।

चीन को चावल का चोरी छिपे भेजा जाना

530. **श्री नवल प्रभाकर :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आसाम से चीन को चावल चोरी छिपे भेजा जा रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार ने क्या कायवाही की है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।